दिनांक : 28.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आज, प्रदेश भर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम।
- पीथमपुर में आज से जलाया जायेगा यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का कचरा।
- उच्च न्यायालय की अनुमति के बाद 12 साल पुराने इंदौर बीआरटीएस को तोड़ने का रास्ता हुआ साफ।
- प्रदेश में बादल छाने और हल्की बारिश से होगा मार्च का स्वागत।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी, सर सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-मुख्यमंत्री

प्रदेश में भी आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री विद्यार्थियों के लिए आयोजित वर्कशॉप में उनसे संवाद भी करेंगे। डॉ. यादव पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को ऑनलाईन माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संबोधित करेंगे। प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान भवन, भोपाल स्थित सभागार में होगा।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ''विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व में भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'' है। इस दौरान पूरे राज्य में विज्ञान दिवस समारोह, कार्यशालाएं, वैज्ञानिक-सत्र, संवाद, विज्ञान आधारित प्रतियोगिताएं एवं अनुसंधान टेक्नोलॉजी पर आधारित गतिविधियां संचालित होंगी।

यूनियन कार्बाइड कचरा

पीथमपुर की रामकी एनवायरो फैक्ट्री के इंसीनरेटर में भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का जहरीला कचरा आज जलाया जाएगा। 10 टन कचरे को जलाने में तीन दिन लगेंगे। इस दौरान 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कल इसके विरोध में याचिका खारिज करने के बाद कंटेनरों से कचरा उतारने का काम कल शुरू कर दिया गया था। यह पूरा काम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की निगरानी में होगा।

प्रधानमंत्री-जहान-ए-खुसरो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में जहान-ए-खुसरो 2025 कार्यक्रम में भाग लेंगे। भव्य सूफ़ी संगीत समारोह इस वर्ष अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। समारोह आज से दो मार्च तक चलेगा। यह समारोह अमीर खुसरो की विरासत को मनाने के लिए दुनियाभर के कलाकारों को एक साथ लाएगा। जाने-माने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और कलाकार मुजफ्फर अली ने वर्ष 2001 में इसकी शुरूआत की थी। उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री तेह बाजार का भी भ्रमण करेंगे।

राज्यपाल-दौरा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज जबलपुर में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले, राज्यपाल के कल उमरिया से जबलपुर पहुँचने पर कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी अनिल कुशवाह और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात भी की।

सेबी-नए अध्यक्ष

वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड-सेबी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। वे माधबी पुरी बुच का स्थान लेंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेबी के नए अध्यक्ष के रूप में तुहिन कांत पांडे की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

इंदौर बीआरटीएस

इंदौर में बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम-बीआरटीएस हटाने के लिए उच्च न्यायालय ने कल अनुमति दे दी है। इस तरह 12 साल पुराने इंदौर बीआरटीएस को तोड़ने का रास्ता साफ हो गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सरकार खुद ही इसे हटाना चाहती थी, ताकि यातायात सुगम हो सके। अब उच्च न्यायालय का आदेश भी आ गया है तो इसे हटाने का काम तत्काल शुरू किया जायेगा। गौरतलब है कि वर्तमान परिस्थितियों में बीआरटीएस की उपयोगिता और व्यावहारिकता जांचने के लिए बनाई गई पांच सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष रखी। इसमें कहा कि इंदौर का बीआरटीएस वर्तमान परिस्थिति में अपनी उपयोगिता खो चुका है।

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

भोपाल स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा एक से 3 मार्च के बीच राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का आयोजन किया जा रहा है। भारत के ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी सहित अलग-अलग विषयों में भारत केन्द्रित शोध को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित इस समागम में देश भर से 280 से अधिक शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ता, स्वतंत्र शोधकर्ता भाग लेंगे। शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि समागम में देश भर के 30 से अधिक शिक्षाविद् और विद्वान 14 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे।

मौसम

प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। 2 मार्च से पश्चिम-उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी बन रहा है। इस कारण भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। हालाँकि फ़िलहाल दो तीन दिन तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं बादल भी छा सकते हैं।

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट

महिला टी-20 प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल रात एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन बनाए। जवाब में गुजरात जायंट्स ने 16 ओवर और तीन गेंदो में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सोलहवें वित्त आयोग का इन्दौर भ्रमण 07 मार्च को प्रस्तावित है। आयोग के दल में अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित आठ सदस्य रहेंगे। आयोग के सदस्य इंदौर में देवगुराड़िया स्थित बॉयोगैस प्लांट का भ्रमण करेंगे।
- धार जिले में विश्व सतत ऊर्जा दिवस के अवसर पर 380 जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को सोलर होम लाइट सहित विभिन्न सौर उपकरण प्रदान किए गए।

- रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 'हुनर इनिशिएटिव' के अंतर्गत महिला उद्यमिता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- मुरैना जिला चिकित्सालय में विगत दिवस प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 66 महिलाओं का परीक्षण किया।
- खंडवा में 3 मार्च से मोतियाबिंद जांच शिविर तथा चयनित मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन हेतु चोइथराम फाउंडेशन ट्रस्ट व शंकरा आई सेन्टर इन्दौर द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- श्योपुर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित विशेष भर्ती अभियान में 136 युवाओं का चयन किया।
- डिंडोरी जिला पेंशन कार्यालय में जिले के 75 वर्ष से लेकर ऊपर की आयु तक के 33 पेंशनरों का सम्मान समारोह कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया।
- इंदौर के शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में कल जनजातीय गौरव की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया थीं।
- गुना के आयुष ग्राम एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर मावन में निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- बैतूल जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है।
- मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में चीतों के प्रबंधन के लिए 2024 से 2027 के लिये राशि 8 करोड़ 90 लाख की अनुमानित सीमा मान्य कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- प्रदेश में एच5एन1 से संक्रमित तीन से चार बिल्लियों के मालिकों में यह बीमारी नहीं है। भोपाल में राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान को भेजे गए तीन से चार बिल्लियों के रक्त, नाक और अन्य नमूने एच5एन1 के लिए सकारात्मक आए हैं। हालांकि, उनके मालिकों का परीक्षण नकारात्मक आया है।

-------